
प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।
स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 /
2016-17

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें
https://dainikyashonnati.com

वर्ष 8+15 अंक 12 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी मंगलवार 02 मई 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4



पृष्ठ-2 सिवनी समाचार ..... पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....




## सेवानिवृत्त हुये आचार्य के स मान पूर्वक दी विदाई

सिवनी यशोः- सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भैरोगंज सिवनी के वरिष्ठ आचार्य जीवनलाल बरमैया 29 वर्ष की दीर्घकालिक सेवा के उपरांत सेवानिवृत्त हुए। उनकी सेवानिवृत्ति के अवसर पर बिदाई समारोह का आयोजन विद्यालय में गरिमा पूर्ण संपन्न हुआ। सेवा निवृत्ति के अवसर पर समिति परिवार एवं विद्यालय परिवार द्वारा उनका स मान करते हुए स्मृति चिन्ह एवं राशि भेंट की गई उनकी विदाई समारोह के अवसर पर विद्यालय व्यवस्थापक नितिन चौधरी, कोषाध्यक्ष मनोज मर्दन त्रिवेदी, सह व्यवस्थापक डॉ. शांतनु शर्मा संरक्षक सदस्य दुर्गाशंकर श्रीवास्तव एवं प्राचार्य ओमप्रकाश यादव सहित समस्त समिति परिवार एवं विद्यालय परिवार ने उनके यशस्वी एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।



## राष्ट्रीय महाजनसंपर्क अभियान के जिला संयोजक बने राजेश

सिवनी यशो :- भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त जी शर्मा की सहमति से भाजपा के राष्ट्रीय महाजनसंपर्क अभियान के प्रदेश संयोजक गणेश मालवीय ने सिवनी के वरिष्ठ नेता राजेश डहेरिया को राष्ट्रीय महाजनसंपर्क अभियान का जिला संयोजक नियुक्त किया है।

राजेश डहेरिया को यह महत्वपूर्ण जि मेदारी मिलने पर भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे सहित समस्त जिला पदाधिकारियों ने उन्हें शुभकामनाएँ देते हुये जि मेदारी के सफल निर्वाहन की अपेक्षा व्यक्त की है तथा प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## वंदे मातरम गायन से हुई माह के प्रथम कार्य दिवस की शुरूआत

सिवनी यशोः- माह के प्रथम कार्य दिवस 01 मई को कले ट्रेट सभागार में राष्टगीत वंदे-मातरम एवं राष्टगान ÷जन गण मन÷ का सामूहिक गायन कर कार्यालयीन कार्यो की शुरुआत की गई। इस अवसर पर कले टर श्री क्षितिज सिंघल, सीईओ जिला पंचायत सिवनी श्रीमती निधि सिंह राजपूत सहित सभी विभागों के कार्यालय प्रमुख उपस्थित रहे।

# समलैंगिकता विवाह को मान्यता के विरोध में महामहिम राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

## सनातन संस्कृति रक्षा मंच के बैनर में अनेक संगठन रहे शामिल

सिवनी यशोः- समलैंगिकता विवाह को मान्यता देने का सनातन संस्कृति मंच के द्वारा तीव्र विरोध किया जा रहा है। सनातन संस्कृति के नेतृत्व में समाज के अनेक संगठनों ने सोमवार 01 मई को कले ट्रेड पहुंचकर देश महामहिम राष्ट्रपति जी के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान जिले के अनेक धार्मिक, सामाजिक, व्यापारिक, महिला संगठन, सास्कृतिक राजनैतिक और भिन्न भिन्न प्रकार के संगठनों का समावेश रहा आठ सूत्रीय ज्ञापन में कहा गया है कि समलैंगिकता विवाह प्राकृत नियमों एवं संपूर्ण मानव स यता के विपरीत है इसे मान्यता देना किसी भी प्रकार से उचित नहीं है।



ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने, समलैंगिक एवं विपरीत लिंगी आदि व्यक्तियों के विवाह के अधिकार को, विधि मान्यता देने का निर्णय लेने की, तत्परता बताई है जिसका ज्ञापन सौंपकर विरोध किया जा रहा है।

ज्ञापन में कहा गया है कि . भारत देश, आज, सामाजिक, आर्थिक क्षेत्रों की अनेक चुनौतियों का, सामना कर रहा है, तब विषयांतर्गत विषय को माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सुनने एवं निर्णीत करने की कोई गंभीर आवश्यकता नहीं है। देश के नागरिकों की बुनियादी समस्याओं जैसे गरीबी उन्मूलन, निःशुल्क शिक्षा का क्रियान्वयन, प्रदूषण मुक्त पर्यावरण का अधिकार, जनसं या नियंत्रण की समस्या, देश की पूरी आबादी को प्रभावित कर रही है, उक्त गंभीर समस्याओं के संबंध में भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा न तो कोई तत्परता दिखाई गयी है ना ही कोई न्यायिक सक्रियता दिखाई है।

ज्ञापन में कहा गया है कि भारत विभिन्न धर्मो जातियों, उप जातियों का देश है। इसमें शताब्दियों से केवल जैविक पुरूष एवं जैविक महिला के मध्य, विवाह को मान्यता दी है। विवाह की संस्था न केवल दो विषम लैगिंको का मिलन है, बल्कि मानव जाति की उन्नति भी है। शब्द ''विवाह'' को विभिन्न नियमों, अधिनियमों, लेखों एवं लिपियों में परिभाषित किया गया है। सभी धर्मो में, केवल विपरीत लिंग के दो व्यक्तियों के विवाह का उल्लेख है। विवाह को, दो अलग लैंगिकों के पवित्र मिलन के रूप में, मान्यता देते हुये, भारत का समाज, विकसित हुआ है, पाश्चात्य देशों में लोकप्रिय, दो पक्षों के मध्य, अनुबंध या सहमति को मान्यता नहीं दी है।

ज्ञापन में आठ बिंदुओ के माध्यम से अनेक तर्क दिये गये है और कहा गया है कि हम इस महत्वपूर्ण विषय पर, माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिखाई जा रही आतुरता पर, अपनी गहन पीड़ा व्यक्त करते है। न्याय की स्थापना एवं न्याय तक पहुंचने के मार्ग को सुनिश्चित करने तथा न्याय पालिका की विश्वनीयता को कायम रखने के लिये, लंबित मामलों को पूरा करने एवं महत्वपूर्ण सुधार करने के स्थान पर, एक काल्पनिक मुद्दे पर, न्यायालयीन समय एवं बुनियादी ढांचे को नष्ट/उपयोग किया जा रहा है, जो सर्वथा अनुचित है।

अतएव हम, आपसे सविनय निवेदन करते है कि आप उक्त विषय पर, सभी हितबद्ध व्यक्तियों/संस्थाओं से, परामर्श करने के लिये, आवश्यक कदम उठाये और यह सुनिश्चित करने का प्रयास करें कि समलैंगिक विवाह, न्याय पालिका द्वारा वैद्य घोषित नही किया जाये, योंकि उक्त विषय, पूर्ण रूप से, विधायिका के क्षेत्राधिकार में आता है।

यहाँ यह बता दें कि देश की सर्वोच्च न्यायपालिका के माननीय न्यायधीशों के द्वारा "समलैंगिकता विवाह" को मान्यता देने वाली याचिका की 18 अप्रैल 2023 से नियमित सुनवाई की जा रही है। इस बात से संपूर्ण सनातन समाज आहत हैं, योंकि हिंदू समाज के16 संस्कारों में विवाह एक महत्वपूर्ण संस्कार है। नियमित की जा रही सुनवाई के विरोध में देश भर का सनातन समाज उद्वेलित है और सनातन समाज के अनेक क्षेत्रों में कार्य करने वाले संगठन सनातन संस्कृति रक्षा मंच के तत्वाधान में सामूहिक रूप से महामहिम राष्ट्रपति एवं राज्यपाल जी से निवेदन करते है कि इस समलैंगिक विवाह को मान्यता नहीं दी जानी चाहिये। इस पर हो रही सुनवाई भी रोकने की मांग की गयी है।

सनातन संस्कृति रक्षा मंच ने सर्व समाज से आग्रह किया है कि निर्धारित समय पर कले ट्रेड पहुँचकर समलैंगिकता विवाह को मान्यता संबंधी याचिका पर अपना विरोध दर्ज करायें।

# एचसीएल टेक द्वारा स्किल डेवलपमेंट एवं इंटरशिप कार्यक्रम के लिए पंजीयन 3 मई को

## 12 वीं पास विद्यार्थियों के लिये सुनेहरा अवसर, अपने विद्यालय से आज ही करें संपर्क

सिवनी यशोः- आयुक्त लोक शिक्षण भोपाल के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से बताया गया है HCL Tech Bee कार्यक्रम से HCL द्वारा वर्ष 2022 में गणित संकाय के 65 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण वर्ष 2022 एवं 2023 में गणित संकाय से कक्षा 12वी की परीक्षा में प्रविष्ट (65 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण होने पर अर्हताकारी होगें) छात्र-छात्राओं का 12 माह का skill प्रोग्राम जिसमें इंटरशिप स मिलित है इस हेतु HCL के प्रतिनिधि द्वारा छात्र- छात्रों को रजिस्ट्रेशन करवाया जाएगा। जिसमें HCL Tech Bee मे 6 माह की लास रूप ट्रेनिंग एवं 06 माह की आन जॉब ट्रेनिंग शामिल है। 12 माह के बाद फुल टाइम नौकरी मिलेगी एवं उच्च शिक्षा भी उच्च संस्थाओं जैसे- IIM NAGPUR, BITS Pilani, satra & Amity में ग्रहण कराई जायेगी। ऑन जॉब टेर्निंग के दौरान 10000/- रूपये प्रतिमाह राशि भी प्रदान की जायेगी।

जारी विज्ञप्ति में जिला शिक्षा अधिकारी समस्त प्राचार्य को निर्देश दिये है कि आपके विद्यालय के छात्र-छात्राओ को HCL Tech Bee प्रोग्राम पंजीयन कार्य हेतु रजिस्ट्रेशन लिंक -https://bit.ly/TechBeeWP पर लिक करके रजिस्ट्रेशन कराना सुनिश्चित करें, सेमिनार का आयोजन हेतु HCL के प्रतिनिधि दिनांक 03.05.2023 दिन बुधवार को मिशन बालक उ.मा.वि.सिवनी में समय दोपहरः 12.00 बजे से सायः 4.00 बजे तक उपस्थित रहेंगे, तत्संबंध में छात्र/छात्राओं को उक्ताशय से पूर्व में ही सूचित करें, ताकि पंजीयन के दौरान विद्यार्थी अपने साथ कक्षा 12वी की अंकसूची लेकर उपस्थित होंवे।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि अपनी संस्था के विद्यार्थियों के साथ विज्ञान/गणित/भैतिक के शिक्षकों को भी उपस्थिति सुनिश्चित करावें। जानकारी के लिये मनीष डेनियल मो.नं 9644190188 ओ.पी सनोडिया मो.नं 9406723125 से संपर्क किया जा सकता है।

## आप पार्टी के छपारा ब्लॉक अध्यक्ष बने रमेश चौहान (बंजारा)



छपारा यशोः -विगत दिवस भोपाल में प्रदेश प्रमुख रानी अग्रवाल के द्वारा प्रदेश स्तरीय बैठक आहूत की गई जिसमें आगामी 2023 मध्यप्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सभी जिला, ब्लॉक में अपने प्रदेश अध्यक्ष द्वारा अपनी पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा,पार्टी की योजना को घर घर तक पहुँचना इसको लेकर पार्टी नेअपने कार्यकर्ताओं को उनके कार्य छेत्र में नियुक्ति की है जिसमें केवलारी विधानसभा क्षेत्र के छपारा ब्लॉक में रमेश चौहान (बंजारा) को ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। रमेश चौहान द्वारा सभी पार्टी के बरिष्ठजनों का आभार माना साथ ही छपारा के पार्टी कार्यकर्ताओ द्वारा बधाई दी गई।

## लाड़ली लक्ष्मी उत्सव का आयोजन आज

सिवनी यशोः- मंगलवार 2 मई को %%लाड़ली लक्ष्मी उत्सव%% कार्यक्रम अंतर्गत मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन भोपाल में किया जा रहा है। इसी कार्यक्रम के परिपेक्ष्य में स पूर्ण जिले में भी ग्रामपंचायत एवं नगरीय निकायस्तर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिले में स्थानीय कार्यक्रम प्रातः 10.30 बजे से कन्या पूजन के साथ प्रारंभ होंगे तथा कार्यक्रम में लाड़ली लक्ष्मी बालिकाओं का उद्बोधन होगा तथा उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाली बालिकाओं का स मान भी किया जाएगा। दोपहर 12 बजे सभी मु यमंत्री श्री चौहान के भोपाल से प्रसारित कार्यक्रम से लाईव जुड़ेंगे।

कले टर श्री क्षितिज सिंघल द्वारा जिले में कार्यक्रम के व्यवस्थित आयोजन को लेकर सभी सीएमओ, सीईओ एवं सीडीपीओ को विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए गए हैं।

### जबरन नॉलेज




# जिले के सभी बूथों पर उत्साह के साथ देखा और सुना गया मन की बात का कार्यक्रम

## मन की बात महज रेडियो का कार्यक्रम नहीं, विश्व को प्रेरणा देने वाला महत्वपूण कार्यक्रम है - आलोक

सिवनी यशोः- प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का आज 100वां एपिसोड प्रसारित हुआ। इस बार के ऐतिहासिक एपिसोड को यादगार बनाने के लिए भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे के निर्देश पर जिले के समस्त 1387 बूथो पर कार्यक्रम को देखने की योजना बनायी गयी थी इसके साथ ही इस कार्यक्रम के लिये सांसद विधायक सहित भाजपा के जनप्रतिनिधि और पदाधिकारियों के लिये स्थान निर्धारित किये गये थे जहाँ कार्यक्रम समारोहपूर्वक संपन्न किये गये। तेज बारिश एवं विद्युत अवरोध के बावजूद सभी स्थानों पर मन की बात कार्यक्रम को गरिमा के साथ मनाया गया।

भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष आलोक दुबे ने सिवनी नगर के सुभाष वार्ड बूथ क्रमांक 265 के पंचमुखी हनुमान मंदिर के बाजू में मालू परिसर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यक्रम को बूथ समिति पन्ना प्रमुख, एवं बूथ के उपस्थित आमजनों एवं पदाधिकारियों के साथ कार्यक्रम को देखा। सुभाष वार्ड के इस कार्यक्रम में मन की बात प्रारंभ होने के पूर्व सिद्ध हनुमान मंदिर में पूजन किया गया इसके पश्चात भारत माता एवं नेता जी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर माल्यर्पण किया गया। मन की बात कार्यक्रम के पश्चात बूथ के पन्ना प्रमुखों का तिलक चंदन वंदन सहित श्रीफल भेंट कर स मान किया गया इसके पश्चात श्री दुबे ने अपने संक्षिप्त संबोधन में कहा कि पीएम के मन की बात कार्यक्रम महज एक रेडियो कार्यक्रम नहीं है। बल्कि यह विश्व का सबसे पॉवर फुल टूल है। इसका लोहा यूनेस्को भी मान रहा है। उन्होंने कहा कि पीएम के मन की बात कार्यक्रम सभी के लिए एक प्रेरणादायक है। इसके माध्यम से स्वच्छता का संदेश जन जन को दिया गया। महात्मा गांधी के 100 वे जयंती पर ओपन डेफिकेशन फ्री इंडिया का लक्ष्य पूरा किया गया। इससे स्वछता को जनांदोलन बनाया गया। बेटी बचाओ योजना की सफलता और कोरोना काल में कार्यक्रम की महती भूमिका रही। आज 2023 में 100 वा एपिसोड भी संपन्न हुआ है और आगे अभी यात्रा जारी है। यह कार्यक्रम देश की भलाई और देश को आगे ले जाने के लिए जनांदोलन बन रहा है।

श्री दुबे ने कहा कि इसके हर एपिसोड के माध्यम से सामाजिक संदेश दिया गया है। बेटी बचाओ, पर्यटन, स्वछता, ई वेस्ट, पौधरोपण, लोकल टू वोकल आदि पहल से सकारात्मक संदेश लोगों तक पहुंचा है। कोरोना के निराशा काल मे आशा का सन्देश दिया। लोगों को पॉजिटिव फील कराया।

सुभाष वार्ड के बूथ क्रमांक 265 में आयोजित कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष आलोक दुबे , कार्यक्रम के मु य अतिथि डॉ अभिजीत चौहान, विशिट अथिति कानून एवं विधि विभाग के प्रदेश सह संयोजक विनोद सोनी एवं जिला मीडिया के सह प्रभारी मनोज मर्दन त्रिवेदी, कार्यक्रम अध्यक्ष अंकित मालू, कार्यक्रम संयोजक नितिन भार्गव ,जिला मंत्री एकता चौरसिया, सुश्री कंचन सोनी ,नरेंद्र सोनी बूथ अध्यक्ष प्रवीण सोनी, अतुल मोदी ,नगर मंत्री ओमप्रकाश गोलु शर्मा ,रूपेश मिश्रा ,हितेंद्र साहू, अभिषेक पराशर के वार्ड अध्यक्ष अंकित चौरसिया वार्ड पन्ना प्रमुख एवम कार्यकर्ता उपस्थित हुए क्रायक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी अंकित मालू द्वारा की गयी।

इसके साथ ही जिले की चारों विधानसभाओं के 25 मंडलों के 1387 बूथों में कार्यक्रम संपन्न किये गये तथा सभी कार्यक्रमों की फोटो एवं विवरण बूथो के अध्यक्षों एवं महामंत्रियों द्वारा भाजपा के संगठन एप पर डाउनलोड किया गया।



## 'मन की बात' के ऐतिहासिक एवं प्रेरक 100 एपिसोड सांसद ने बरघाट में देखा



बरघाट यशोः- रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की मन की बात कार्यक्रम बालाघाट सांसद डां.ढालसिंह बिसेन ने बरघाट विधानसभा क्षेत्र के बूथ सं या 213 में 100वें एपिसोड को क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, वरिष्ठ जनों सहित बरघाट मंडल अध्यक्ष श्री विवेक बिसेन, विजय रहांगडाले, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के संयोजक श्याम सिंह कुमरे, महादेव टेकाम, श्रीमती गोमती ठाकुर, गोंड नरेश सिंह वरकड़े, सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र राहंगडाले, अनिल पाठक, श्री सत्यांश भट्ट , राम पटले, नरेश राजपूत (संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ) एवं छात्र-छात्राओं के साथ प्रधानमंत्री जी के प्रेरणादायी विचारों को सुना।



## अकबर वार्ड में विधायक हुये शामिल

संपन्न हुये मन की बात कार्यक्रम में सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन, पूर्व विधायक नरेश दिवाकर भाजपा जिला महामंत्री गजानंद पंचेश्वर आदि भाजपा नेताओं ने स्थानीय पार्षद एवं पीजी कालेज में जनभागीदारी अध्यक्ष अजय बाबा पांडे के द्वारा नगर के अकबर वार्ड में पालीटेक्नीक महाविद्यालय के पास हनुमान मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुये। अत्याधिक बारिश के बावजूद यहाँ सफल कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सिवनी विधायक श्री राय एवं पूर्व विधायक श्री दिवाकर का वार्डवासियों ने फूल मालाओं से स्वागत किया तथा प्रधानमंत्री के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात को देखा इस अवसर पर भाजपा के अन्य वरिष्ठ नेता एवं वार्ड के निवासी बड़ी सं या में उपस्थित रहे।

# विश्व का सबसे बड़ा प्रबंधन हनुमान जी से सीखने को मिलता है

**डॉ. आनंद सिंह राणा-**

÷महाकाल के सर्वशक्तिमान अवतार श्री हनुमान जी के प्राकट्योत्सव दिवस की अनंत कोटि शुभकामनाएं -



जबलपुर हनुमान चक्र से सुरक्षित है इसलिए शाश्वत है विश्वव्यापी हनुमान प्रबंधन के आदि गुरु हैं- सर्वकालिक विविध साक्ष्यों और संदर्भों में महाकाल के 11 वें रुद्र अवतार के रुप में महाबली हनुमान जी विश्व व्यापी हैं।

बल और बुद्धि प्रबंधन के आदिगुरु हैं। विश्व में कंबोडिया, थाईलैंड, इंडोनेशिया, मलेशिया और लाओस में भगवान हनुमान की विधिवत रूप से लोग पूजा करते हैं।अमेरिका के डेलावेयर में स्थापित 25 फीट ऊंची हनुमान जी की प्रतिमा विश्व में आकर्षण का केंद्र है।

महाकोशल में जिस प्रकार आदिशक्ति के रुप खेरमाई का सर्वव्यापीकरण हुआ है उसी प्रकार हनुमान जी का संकटमोचक देवता के रुप में लोकव्यापीकण है।हनुमान जी महाप्रबंधक और प्रबंधन के आदि गुरु हैं। वे अपने बल और बुद्धि के प्रबंधन की ऐंसी छवि प्रस्तुत करते हैं जिसे अपनाकर आप कभी असफल नहीं हो सकते हैं।

असंभव शब्द उनके शब्द कोश में नहीं है इसलिए रामचरितमानस के किष्किंधाकांड में जामवंत हनुमान जी से कहते हैं कि ÷कवन सो काज कठिन जग माही, जो नहीं होई तात तु ह पाहीं। हनुमान जी का प्रबंधन कौशल अब पाठ्यक्रमों में भी आ रहा है।

प्रबंधन कौशल के रुप एक दृष्टांत उल्लेखनीय है। यद्यपि हनुमान जी शाश्वत एवं शारीरिक रूप से ब्र हचारी हैं परंतु उनके विवाह की कहानी उनके एक गूढ़ ज्ञान प्राप्त करने के महाप्रबंधन का हिस्सा है। जिसके लिए उन्होंने महातपस्वी और तेजस्वी सूर्य पुत्री सुवर्चला से विवाह के लिए उनको यह कहते हुए मनाया कि आपको भी पूर्ण ज्ञान तभी प्राप्त होगा जब आप विवाह करेंगी उधर सूर्य देवता ने भी हरी झंडी दे दी।

ज्ञान प्राप्ति के बाद देवी सुवर्चला पुनः तपस्या में लीन हो गयीं और हनुमान जी राम की सेवा में आ गये। इसलिए हनुमान सदा शारीरिक रूप से ब्र हचारी ही हैं। ये विश्व का सर्वश्रेष्ठ प्रबंधन कहा जा सकता है।

# प्रकृति का संरक्षण करती है सनातन संस्कृति

**दीपक विश्वकर्मा-**

घटना श्रीराम जन्मभूमि की सुनवाई के दौरान की है, जब सर्वोच्च्य न्यायालय में ढांचा पक्ष आत्मघाती मोड में आकर जन्मभूमि पक्ष के सारे तर्क काटता जा रहा था और सभी हिन्दू प्रतीकों को अपना बताता जा रहा था,` योंकि उसका उद्देश्य कैसे भी करके उसे जन्मभूमि पर अपना कब्जा कायम रखना था।

दूसरी ओर सिर्फ वकील ही नहीं थे अपितु श्री रामजन्मभूमि का पक्ष रख रहे लोगों में कुछ धर्मज्ञ भी थे, जो ढांचा पक्ष के सारे छल बल देख समझ रहे थे अंततोगत्वा उन्होंने अपने बचाव में ब्र हास्त्र प्रयोग किया अर्थात अंतिम साक्ष्य प्रस्तुत किया गया, वह खुदाई में मिला एक भित्ति चित्र था, और वह चित्र भगवान वराह का ही था, जिसमें वह धरा को अपने दांतों पर उठाए हैं।

इसके आते ही कब्जाई ढांचा पक्ष के तोते उड़ गए,` योंकि वह एक एक कर जन्मभूमि पक्ष के सभी साक्ष्यों को अपनी संस्कृति का हिस्सा बताए जा रहे थे, लेकिन इसको देख वह भी अधर्मसंकट में आ गए या कहें कि उनका अधर्म ही संकट में आ गया।

**भला वह वराह को कैसे स्वीकारें**

यहां दो बातें हुई जो सिर्फ सनातन में ही संभव हैं, पहला अनादिकाल से प्रकृति का संरक्षण और दूजा सभी जीव, जंतु, योनियां यहाँ स पूज्य हैं। कभी देखिए गरुण तो कभी वानर रूप में हनुमान, कभी गजराज रूप में गणेश और ऐरावत तो वनवासी राम और कैलाशवासी आदिशिव।

यह बात दुनिया के किसी अन्य मत, मजहब, पंथ, स प्रदाय में संभव नहीं है.... और आगे भी हो इसकी संभावना नजर नहीं आती। दूसरे शब्दों में कहें तो इस मामले में हमारी विजय हमारी प्रकृति संरक्षक पहचान ने ही कराई। एक सनातनी के जन्म से लेकर मरण तक हर कदम पर प्रकृति का सहचर्य है.. पैदा होने पर मिट्टी के घड़े में उबाली गई जड़ी बूटियों के रस( काढ़े) से लेकर मरण पर प्रवाहित जल में अस्थि प्रवाहित कर उसके शुद्धिकरण तक हम हर पल प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष प्रकृति के लिए कुछ न कुछ करते रहते हैं।

कालक्रम ने बहुत कुछ बदला, कई रीति परंपराएं विदेशी हस्तक्षेपों से दूषित भी हुई। लेकिन आज भी हमारी मूल पहचान बची हुई हैं। प्रकृति के संरक्षक की, संवर्धन की, उससे अप्रीतिम प्रेम की। आज पुनः हमें अपनी उस पहचान के दायरे को बढ़ाने की आवश्यकता है। एक रोज सुबह सुबह नदी पर था, तो एक बुजुर्ग स्नान कर रहे थे वह अपनी लय में ही भजन गा रहे थे।



÷नदिया नारायण,
नारायण, नारायण
सूरज नारायण, नारायण,
नारायण
पर्वत नारायण, नारायण,
नारायण÷

क्षण भर के लिए ऐसा लगा कि उनकी आवाज ने युगों की निद्रा से जगा दिया हो, हमारे तथाकथित किताबी ज्ञान के अभिमान को चूर चूर कर दिया।

` योंकि हमारे लिए यह पर्वत, नदियां, चाँद, सूरज, वायु यह सब नारायण ही हैं। वेदों में जिन 33 कोटि देवों की बात की जाती है वह यही प्रकृति तत्व तो हैं, यही सब इंद्र के दरबार में हैं। जब कभी कोई मित्र मुझसे पूछता है कि तुमने ईश्वर को देखा है तो मैं गर्व से कहता हूं, बिल्कुल देखा है, रोज देखता हूँ, प्रतिपल मेरे समक्ष रहता है।

गर तुम भी देखना चाहते हों तो कर्मकांडों, पूजा पद्धतियों से आगे निकलकर धर्म को देखो/पहचानो। बस दृष्टि हो तो तु हे सुबह, शाम, दिन, दोपहर, रात्रि जब चाहो ईश्वर दिख सकते हैं। अब भला कौन सूर्य, चंद्र, वायु, वरुण का अस्तित्व नकार सकता है। कौन है जो यह कह सके कि उसे यह दिखाई नहीं देते।

हमारी सभी तरह की पूजा पद्धतियां, रीति, रिवाज, परंपराएं अंततोगत्वा हमें प्रकृति से जोड़ने के उपक्रम हैं,` योंकि हमारा प्रथम और अंतिम धर्म यही है। कभी पितृपक्ष के बहाने कौओं का संरक्षण करना है तो नागपंचमी के बहाने समस्त सर्प जाति के प्रति दयावान बने रहने की बात याद करना है।

और जब जब हम भटकने लगते हैं तो श्रीहरि नारायण स्वयं प्रगटते हैं, कभी आदिशक्ति सीता मैया के रूप में अपने बच्चों को सिखाती हैं कि चूल्हे के लिए वृक्ष नहीं काटना है बल्कि सूखी टहनियां एकत्रित करनी हैं। तो कभी वह श्याम रूप में आकर भटकी हुई दुनिया को पर्वतराज गोवर्धन के माध्यम से प्रकृति को सर्वोच्च्य स्थान देने की शिक्षा देते हैं।

कभी राजा शिवि तो कभी महर्षि दधीचि को शिक्षा का निमित्त चुनते हैं। आशय यही है, की प्रकृति को सर्वोच्च्य रखिए.... राम, कृष्ण, शिव सबका स्पष्ट संदेश यही है और यही हमारे हिन्दू होने की प्रथम और अंतिम पहचान। आज विश्व पृथ्वी दिवस पर अपनी देशज परंपराओं को निभाने का और प्रकृति के संरक्षण का संकल्प लें, शुभकामनाएं।

## लाड़ली बहना योजना अंतर्गत जिले में 2 लाख 69 हजार 222 महिलाओं का हुआ पंजीयन

सिवनी यशोः- मु यमंत्री लाड़ली बहना योजना%% के अंतर्गत पात्र महिलाओं के ऑनलाइन आवेदन भरने का कार्य 25 मार्च 30 अप्रैल 2023 तक से किया गया है। जिले में 30 अप्रैल 2023 तक 02 लाख 69 हजार 222 महिलाओं के आवेदन आनलाईन पोर्टल पर दर्ज किए जा चुके हैं। पोर्टल पर जिन महिलाओं के पंजीयन किये गये हैं, उन पर 01 से 15 मई 2023 तक दावे आपत्ति आमंत्रित किए जाने हेतु संबंधित ग्रामपंचायतों, नगरीय क्षेत्रों के वार्डों में सूची चस्पा की गई है।

प्राप्त जानकारी अनुसार जनपद पंचायत बरघाट के ग्राम पंचायतों में 37408, जनपद छपारा के ग्राम पंचायतों में 21618, जनपद पंचायत धनौरा में 18172, घंसौर में 26925, केवलारी में 28985, कुरई में 23929, लखनादौन में 39516, सिवनी में 46787 महिलाओं के आवेदन पोर्टल पर दर्ज किए गए हैं। इसी तरह जिले के नगरीय क्षेत्रों में नगर पालिका सिवनी में 13049, बरघाट में 2233, छपारा में 3594, केवलारी में 3843 तथा लखनादौन में 3163 महिलाओं के आवेदन ऑनलाईन किए गए हैं।

# पात्र हितग्राहियो को शत प्रतिशत योजनाओं का लाभ सुनिश्चित हो - कले टर

सिवनी यशोः- कले टर क्षितिज सिंघल की अध्यक्षता में सोमवार 01 मई को कले टेट सभाकक्षा में समय सीमा बैठक आयोजित हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती निधि सिंह राजपूत, सभी अनुविभागीय अधिकारी तथा अन्य विभागों के कार्यालय प्रमुखों की उपस्थिति रही साथ ही सभी जनपदों के सीईओ तथा तहसीलदार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।

बैठक में कले टर श्री सिंघल ने सीएम हेल्पलाईन प्रकरण, समय सीमा में दर्ज प्रकरण, पीजी पोर्टल की शिकायतों की विभागवार विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिलेवार रैंकिंग तथा 50 दिवस से अधिक समय सीमा से लंबित शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जाए। किसी भी विभाग की कोई भी शिकायत बिना अटैंड किए अन्य लेबल पर न जाए। कले टर श्री सिंघल ने "मु यमंत्री जन सेवा अभियान" के द्वितीय चरण को लेकर भी संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान में चयनित 17 विभागों की 67 योजनाओं पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, जिले के



शतप्रतिशत पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभांवित किया जाए। उन्होंने अभियान के द्वितीय घटक अनुसार 15 अप्रैल तक सीएम हेल्पलाईन में दर्ज सभी शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिए।

बैठक में कले टर श्री सिंघल ने लाड़ली बहना योजना अंतर्गत 2 लाख 69 हजार से अधिक पात्र महिलाओं का पंजीयन किए जाने को लेकर सभी अनुविभागीय अधिकारी, सीईओ जनपद एवं मु य नगरपालिका अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने योजना की पात्रतानुसार पंजीकृत की गई ऐसी महिलाएं जिनके बैंक खाते आधार से लिंक नहीं हैं, उनकी तत्काल आधार लिंकिंग पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने दावा- आपत्ति आमंत्रित किए जाने हेतु सभी पंचायतों एवं वार्डों में पात्र महिलाओं की अंनतिम सूची चस्पा करने के निर्देश दिए।

बैठक में कले टर श्री सिंघल ने खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा लिए जा रहे खाद्य पदार्थों के नमूना कार्यवाही की समीक्षा करते हुए प्रतिदिन खाद्य पदार्थों के अधिक से अधिक नमूने प्राप्त करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने खाद्यान्न उठाव एवं वितरण, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र जारी करने की प्रगति सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

# जिला जेल में किया गया बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण

## 132 पुरूष एवं 10 महिला बंदियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

बालाघाट यशोः- म0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री दिनेशचंद्र थपलियाल के करकमलों द्वारा जिला जेल बालाघाट में दिनांक 27 अप्रैल2023 को प्रात 10.15 बजे से विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके साथ ही अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला जेल का निरीक्षण भी किया गया।

जिला जेल में जिला चिकित्सालय के चिकित्सा विषय विशेषज्ञों की टीम के द्वारा बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। विशेष स्वास्थ्य शिविर में 132 पुरूष बंदी एवं 10 महिला बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

जिला जेल बालाघाट में विशेष स्वास्थ्य शिविर के साथ-साथ ही जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सचिव श्री आसिफ अब्दुल्लाह, मु य न्यायिक दण्डाधिकारी श्री संजीव कटारे एवं श्री जीतेन्द्र मोहन धुर्वे, जिला विधिक



सहायता अधिकारी द्वारा बंदियों को विधिक सहायता, निशुल्क अधिवक्ता योजना, जेल लोक अदालत, जेल लीगल एडे लीनिक एवं अपील के प्रावधानों की जानकारी दी गई। साथ ही शिविर के दौरान 06 पैनल अधिवक्ताओं की ड्यूटी लगाकर प्रकरण की यथास्थिति से बंदियों को अवगत कराते हुए 06 बंदियों को विधिक सहायता एवं 332 बंदियों को विधिक सलाह प्रदान की गई।

स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में जिला चिकित्सालय के डॉ वी.पी. समद, हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ कल्पना धुर्वे, दंत रोग विशेषज्ञ, डॉ प्रशांत जैन, मानसिक रोग विशेषज्ञ, डॉ विशेष नाग, ई.एन.टी.रोग विशेषज्ञ, डॉ रश्मि बाघमारे, स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ मदन मेश्राम, चिकित्सक, डॉ शुभम लिल्हारे, जनरल सर्जन, डॉ वर्षा चौधरी, आर.एम.ओ., श्री जितेन्द्र हरिनखेड़े, मेल स्टॉफ, श्री मनीष लिल्हारे, वार्ड ब्वाय, सुश्री हर्षा नाग, फार्मासिस्ट,जिला चिकित्सालय के फार्मासिस्ट एवं लैब असिस्टेंट एवं लैब टे नीशियन उपस्थित रहे।

जिला जेल में उपस्थित बंदियों से डॉ टरों द्वारा स्वास्थ्य संबंधी चर्चा की गई तथा बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं दवाईयां वितरित की गई । इसके अतिरिक्त खून संबंधी जॉच, ब्लड प्रेशर जॉच आदि परीक्षण भी किया गया। जिला जेल में होने वाले स्वास्थ्य शिविर में जेल अधीक्षक श्री रामलाल सहलाम एवं जेल प्रहरी, मेडिकल स्टॉफ व कर्मचारीगण एवं जिला प्राधिकरण के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# प्रदेश में सिंचाई का रकबा बढ़ कर 45 लाख हे टेयर हुआ - सिलावट

भोपाल - प्रदेश में पहले सिंचाई का रकबा 7 लाख हे टेयर हुआ करता था, जो अब बढ़ कर 45 लाख हे टेयर हो गया है प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि 2025 तक प्रदेश का सिंचाई रकबा 65 लाख हे टेयर कर दिया जाए इसके लिए नवीन सिंचाई परियोजनाओं पर तेजी से काम किया जा रहा है।

जल संसाधन एवं मछुआ कल्याण मंत्री तुलसीराम सिलावट नीमच जिले के रामपुरा में शनिवार को मछुआ कॉलोनी में बनने वाले सामुदायिक भवन का शिलान्यास कर मछुआ बंधुओं से संवाद कर रहे थे। सांसद श्री सुधीर गुप्ता, मनासा विधायक श्री अनिरुद्ध मारू, विधायक गरोठ श्री देवी लाल धाकड़ सहित जन-प्रतिनिधि उपस्थित रहे। मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि मत्स्य उत्पादन में बालाघाट जिला देश में प्रथम स्थान पर है। गांधी सागर जलाशय में मत्स्य उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए मांग और गुणवत्तापूर्ण कतला, रऊ, प्रजाति मत्स्य का बीज भी डाला जावेगा। उन्होंने कहा कि मछुआरों को नाव के लिए प्रदान किए जा रहे 12 हजार रूपये को बढ़ा कर 15 हजार रूपये किया जाएगा।

मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि मछुआरों की मछली पकड़ने की मजदूरी बढ़ाने की मांग के प्रस्ताव को मत्स्य महासंघ की बैठक में रखा जावेगा उन्होंने मछुआरों की विभिन्न मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने की बात भी कही।

मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि मत्स्य महासंघ गांधी सागर रामपुरा के अनियमितता करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जावेगी। जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने गांधी सागर से मनासा क्षेत्र एवं नीमच जिले की सिंचाई योजना में छुटे हुए मनासा क्षेत्र की 10 ग्राम पंचायतों



को शामिल करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इसके लिए सर्वे का कार्य भी शीघ्र प्रारंभ किया जावेगा और छूटे हुए गाँव को भी गांधी सागर से सिंचाई की योजना में शामिल किया जावेगा। मंत्री श्री सिलावट ने सांसद एवं विधायक के साथ रामपुरा में मत्स्य महासंघ के फिश कले शन सेंटर का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए।

# विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर 29 अप्रैल को

## श्वावनों का निऱ्शुल्क टीकाकरण शिविर का आयोजन

बालाघाट यशोः- दिनांक 29 अप्रैल 2023 को विश्व पशु चिकित्सा दिवस (World Veterinary Day) के उपलक्ष्यप पर कले टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में पशु चिकित्सा विभाग द्वारा पालतू श्वानों (कुत्तों) का निऱ्शुल्क एंटी रेबीज टीकाकरण का शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर का आयोजन बालाघाट आकाशवाणी के पीछे स्थित जिला पशु चिकित्सालय (पॉलीी लनिक) के परिसर में शनिवार सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक किया जाएगा।

प्रांतीय राजपत्रित पशु चिकित्सक संघ जिला इकाई बालाघाट और पशु कल्याण संस्था %एनिमल केयर फाउंडेशन% के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क एंटी रेबीज टीकाकरण का आयोजन जिला पशु चिकित्सालय में किया जा रहा है। जिला मु यालय में पदस्थ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ अमित कुमार कावड़े ने बताया कि पशु चिकित्सा और पशु कल्याण से संबंधित गतिविधियों के प्रचार प्रसार एवं लोक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य हेतु वर्ल्ड वेटरनरी डे का आयोजन प्रत्येक वर्ष अप्रैल माह के अंतिम शनिवार को किया जाता है। उप संचालक पशु चिकित्साज सेवायें डॉ पी के अतुलकर ने सभी पशुप्रेमियों एवं श्वान मालिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक सं या में अपने श्वानों को शिविर में लाकर टीकाकरण करायें और इसके साथ ही पशुपालन से संबंधित गतिविधियों और विभागीय योजनाओं की जानकारी से लाभान्वित हों।

# जल-प्रदाय योजनाओं के क्रियान्वयन और निगरानी से जन-प्रतिनिधियों को जोड़ा जाए - मु यमंत्री

## जल निगम के संचालक मंडल की बैठक स पन्न

भोपाल - मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मध्यप्रदेश जल निगम की जल-प्रदाय योजनाओं के संचालन और रख-रखाव के लिए पर्यवेक्षण और गुणवत्ता नियंत्रण की व्यवस्था को मजबूत बनाया जाए। योजना के



क्रियान्वयन और उसकी निगरानी में स्थानीय जन-प्रतिनिधियों को जोड़ें। जल निगम की परियोजनाओं के क्रियान्वयन में ग्रामीणों की सहभागिता को प्रोत्साहित करने में जन अभियान परिषद को भी स मिलित किया जाए। मु यमंत्री श्री चौहान निगम के संचालक मंडल की 21वीं बैठक को संबोधित कर रहे थे। मंत्रालय में हुई बैठक में मु य सचिव इकबाल सिंह बैंस, अपर मु य सचिव अजीत केसरी,मलय श्रीवास्तव, श्री एस.एन. मिश्रा तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में सिंगरौली जिले में गोंड देवसर समूह जल-प्रदाय योजना पर इंटेक वेल के लिए बाँध निर्माण, रतलाम एवं धार जिले की जल आपूर्ति योजना के स्रोत के लिए जल संसाधन विभाग को माही नदी पर तलवाड़ा बैराज की निर्माण लागत साझा करने सहमति प्रदान की गई। मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि आउट सोर्स व्यवस्था में लगे कर्मचारियों का शोषण न हो।

बैठक में निगम में संविदा पर नियुक्त महिला कर्मचारियों के लिए 90 दिनों के मातृत्व अवकाश के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। निगम द्वारा विश्वविद्यालयों, कॉलेजों और संस्थाओं के इंटर्न को प्रशिक्षित करने संबंधी प्रस्ताव को भी स्वीकृत किया गया।

# हर बूथ जीतने के संकल्प के साथ चुनावों में उतरेगी कांग्रेस'

## 'निवास विधानसभा में आयोजित हुआ कांग्रेस का बीएलए प्रशिक्षण'

मण्डला यशोः- प्रदेश में कुछ माह




बाद विधानसभा चुनाव होने हैं, इसे लेकर मण्डला जिले में संगठन ने अपनी पूरी ताकत से बूथ स्तर पर कार्य प्रारंभ कर दिया है। मंडलम से टर गठन व प्रशिक्षण के बाद, जिला कांग्रेस ने बूथ स्तर पर अपनी रणनीति बनाना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में कांग्रेस का पहला फोकस मतदाता सूची पर है जिसे लेकर जिले के सभी 940 पोलिंग बूथ में कांग्रेस ने अपने बीएलए नियुक्त कर दिए हैं। मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम एवं बूथ में वोटरों की पहचान के साथ बूथ कमेटियों का गठन प्राथमिकता आधार पर किया जा रहा है। इस हेतु विधानसभा व ब्लॉक स्तर पर बीएलए प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है।

शनिवार को निवास विधानसभा के नारायणगंज मु यालय में बीएलए प्रशिक्षण आयोजित किया गया, जिसमें मप्र कांग्रेस कमेटी से नियुक्त जिला प्रभारी आरिफ खान ने विधानसभा के सभी बीएलए को पुनरीक्षण कार्यक्रम में किये जाने कार्य व नियमों की जानकारी देने के साथ मिशन 2023 के लिए बनाई गई रणनीति से अवगत कराया। वहीं



पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान जिला संगठन मंत्री सुकीर्ति भूषण ने भी बीएलए के कार्य व दायित्वों को बताने के साथ सभी का मार्गदर्शन किया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम को स बोधित करते हुए निवास विधायक डॉ अशोक मर्सकोले ने कहा कि मिशन 2023 का संकल्प मतदाता सूची शुद्धिकरण के बाद ही सफल हो सकता है। इसके लिए मेरे सहित संगठन के हर एक कार्यकर्ता को अपना अपना बूथ मजबूत करना होगा। बीएलए का दायित्व सबसे बड़ा है वही बूथ का रणनीति कार भी है। बूथ कमेटियों का गठन पन्ना प्रभारी बनाया जाना और वोटरों को चिन्हित करना सबसे महत्वपूर्ण कार्य है। हमें उ मीद ही नहीं पूरा विश्वास भी है कि आप सभी अपनी जी तोड़ मेहनत से कमलनाथ को मप्र का मु यमंत्री बनाएंगे। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष एड राकेश तिवारी व जिला संगठन मंत्री सुकीर्ति भूषण जैन,आदि ने भी प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपनी बातें रखीं। इस विधानसभा स्तरीय प्रशिक्षण में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नारायणगंज अध्यक्ष गुलाब सिंह परस्ते, बीजाडांडी अध्यक्ष रफीक मंसूरी, निवास अध्यक्ष तारा सिंह परस्ते, सहित विधानसभा के सभी मण्डलमों के अध्यक्ष,से टर अध्यक्ष व बीएलए सहित कांग्रेस संगठन के निर्वाचित जनप्रतिनिधि व कांग्रेस पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मन की बात के 100 वां एपिसोड में उदयपुर शामिल हुए केंद्रीय मंत्री



मंडला यशोः--भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के आव्हान पर आज मन की बात का 100 वां एपिसोड जिले के बूथों पर सुना गया। भाजपा के मीडिया प्रभारी सुधीर कसार ने बताया की आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का रेडियो कार्यक्रम मन की बात का 100 वां एपिसोड भाजपा जिला अध्यक्ष भीष्म दिवेदी के नेतृत्व में आज जिले के बूथों पर मन की बात का कार्यक्रम का आयोजन कर सामूहिक रूप से सुना गया। सभी मंडलों में बूथों पर बूथ समिति के सदस्य,पंचपरमेश्वर, भाजपा के वरिष्ठ नेता,पदाधिकारी, कार्यकर्ता समाज के प्रबुद्धजनों, तथा आम नागरिकों ने मन की बात कार्यक्रम को बड़े उत्साह के साथ सुना । मंडला जिले के जिले के सुदूर जनजाति क्षेत्र मवई मोतीनाला में स्थानीय नागरिकों तथा भाजपा कार्यकर्ताओ मन की बात सुनी।

केंद्रीय इस्पात ग्रामीण विकास राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते मंडला जिले के ग्राम उदयपुर के बूथ क्रमांक 1 बीजाडांडी मंडल में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए तथा स्थानी नागरिकों भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों के साथ प्रधानमंत्री श्री मोदी जी की मन की बात के 100 वें एपिसोड को सुना इस अवसर पर उन्होंने कहा मन की बात का कार्यक्रम देश के हर क्षेत्र में लोकप्रिय है, उनका हर संदेश हम सबके लिए प्रेरणा है, उन्होंने हमेशा जनजाति क्षेत्रों के विभिन्न विषयों का जिक्र मन की बात में किया, यही वजह है कि आज देश में जनजाति समाज का गौरव लगातार बढ़ रहा है। जिले के सभी 17 मंडल में मन की बात के कार्यक्रम बूथ स्तर पर आयोजित की गई जिसमें बड़ी सं या में स्थानीय नागरिकों ने अपनी सहभागिता प्रदान कर प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के संदेश को सुना।

## छात्र छात्राओं एवं ग्रामीणों ने भी सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

मण्डला यशोः- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के 100वाँ एपिसोड का विभिन्न स्तर पर सजीव प्रसारण किया गया जिसे जनप्रतिनिधि, छात्र-छात्राएं तथा स्थानीयजनों ने उत्साहपूर्वक देखा। केन्द्रीय



इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने उदयपुर बीजाडांडी, विधायक देवसिंह सैयाम ने बीजेगांव नैनपुर, पूर्व राज्यसभा सांसद संपतिया उईके ने टिकरवारा मंडला में उपस्थित रहते हुए प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा।

महाविद्यालय एवं उत्कृष्ट विद्यालयों में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के सजीव प्रसारण दिखाया गया, जिसमें मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद के तत्वाधान में मु यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित समाज कार्य में स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राएं, नवांकुर समितियों के प्रतिनिधि, स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधि सहित अन्य उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री श्री मोदी के मन की बात के विभिन्न विषयों पर प्रतिक्रिया देते हुए छात्रों ने हर्ष व्यक्त करते हुए इन्हें छात्रों के लिए प्रेरणादायक बताया। ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में बड़ी सं या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# राज्यमंत्री कुलस्ते ने की आदि उत्सव के तैयारियों की समीक्षा

मण्डला यशोः- केन्द्रीय इस्पात एवं

### 27 एवं 28 मई को होगा आयोजन


ग्रामीण विकास राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने 27 एवं 28 मई 2023 को रामनगर में होने वाले आदि उत्सव की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने आयोजन को बहुउद्देशीय बनाने के लिए बेहतर योजना तैयार करने के निर्देश दिए। श्री कुलस्ते ने कहा कि आदि उत्सव के दौरान जिले में उत्साह का वातावरण परिलक्षित होना चाहिए। सांस्कृतिक कार्यक्रम में विविधता लाने का प्रयास करें। कले ट्रेट के गोलमेज सभाकक्ष में संपन्न हुई इस बैठक में विधायक देवसिंह सैयाम, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. संजय कुशराम, सीईओ रानी बाटड, अतिरिक्त जिला पंचायत सीईओ एसएस मरावी, सांसद प्रतिनिधि जयदत्त झा सहित संबंधित उपस्थित रहे।

श्री कुलस्ते ने कहा कि इस वर्ष सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ फुड फेस्टिवल, जनजातीय प्रदर्शनी, संगोष्ठी, स्वास्थ्य शिविर तथा खेल गतिविधियों का भी आयोजन किया



जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत देश के यातिलब्ध कलाकार अपनी प्रस्तुतियाँ देंगे। विभिन्न राज्यों के जनजातीय कलाकार भी इस कार्यक्रम में परंपरागत नृत्य प्रस्तुत करेंगे। फुड फेस्टिवल में जनजातीय व्यंजन आकर्षण का केन्द्र रहेंगे। प्रदेश के विभिन्न जिलों के स्व-सहायता समूह भी अपने परंपरागत व्यंजनों के साथ फुड फेस्टिवल में सहभागिता करेंगे। केन्द्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री ने कहा कि खेल गतिविधियों में बॉलीबॉल, कबड्डी, तीरंदाजी के साथ-साथ स्थानीय खेलों को भी शामिल किया जाएगा। स्वास्थ्य शिविर में नामी चिकित्सक मौजूद रहेंगे जो सिकलसेल एवं एनीमिया सहित अन्य बीमारियों की जांच कर उपचार प्रदान करेंगे। जनजातीय प्रदर्शनी में आदिवासी संस्कृति को प्रदर्शित किया जाएगा। संगोष्ठी में विषय-विशेषज्ञ शोधपत्र प्रस्तुत करेंगे। केन्द्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री ने कहा कि आदि उत्सव में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से युवा स मेलन का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें युवाओं से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान पेसा ऐ ट के तहत बनाई गई समितियों को भी प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों का स मान भी आदि उत्सव के मंच से किया जाएगा।

## संगीतमय शिव पुराण का आयोजन



मंडला यशोः- बिनेका तिराहा में शिव पुराण का आयोजन किया जा रहा है जिसमें पंडित विजयानंद शास्त्री द्वारा भगवान शिव की संगीतमय कथा सुनाई जा रही है कथा सुनने के लिए बड़ी सं या में रोजाना श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

# कान्हा टाईगर रिजर्व में तीन दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय वन्यप्राणी कांफ्रेंस स पन्न

मंडला यशोः- कान्हा टाईगर रिजर्व में मध्यप्रदेश शासन वन विभाग एवं राज्य वन अनुसंधान संस्थान,




जबलपुर द्वारा आयोजित तीन दिवसीय वन्यप्राणी प्रबंधन वर्तमान परिवेश एवं भविष्य की रणनीति विषय पर अन्तर्राष्ट्रीय गोष्ठी आयोजित की गयी। इसका शुभार भ दिनांक 27.04.2023 को मु यमंत्री, मध्यप्रदेश शासन शिवराज सिंह चौहान जी द्वारा विडियों कांफ्रेसिंग के माध्यम से किया गया, जिसकी अध्यक्षता महामहिम राज्यपाल मध्यप्रदेश मंगूभाई पटेल द्वारा की गयी।

इस संगोष्ठी में चार विभिन्न विषयों ''वाल्इडलाईफ पापुलेशन मैनेजमेंट'', ''वाल्इडलाईफहैबीटेट ईकोलाजी एंड मैनेजमेंट'', ''वाल्इडलाईफ पॉलीसी इसू एंड चौलेन्जेस'' एवं ''हयूमेन वाल्इडलाईफ कान्फ्लि ट एंड मिटिगेशन मेजर्स'' पर अन्तर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय विद्वानों द्वारा अपने शोध्य पत्र एवं अनुभवों को साझा किया गया। उनके द्वारा प्रस्तुत विषय के संबंध में विभिन्न समूहों द्वारा गहन परिचर्चा की गयी।

परिचर्चा के आधार पर समूहों द्वारा अपनी अनुशंसाऐ संक्षिप्त रूप से तैयार की गयी एवं आज दिनांक 29.04.2023 को समूहों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इन मु य अनुशंसाओं के आधार पर प्रतिवेदन पत्र तैयार किया जायेगा, जिसमें अन्य विषय विशेषज्ञों के द्वारा उनसे संबंधित विषय पर सलाह का भी समावेश होगा। संगोष्ठी का समापन सत्र मान्नीय वन मंत्री मध्यप्रदेश शासन, डा. कुवर विजय शाह जी के मु य अतिथि एवं श्री सम्राट सिंह, जिला पंचायत, अध्यक्ष बालाघाट की अध्यक्षता में स पन्न हुआ।

मान्नीय वन मंत्री जी द्वारा वन्यप्राणियों के संरक्षण व संवर्धन के साथ ही वनवासियों एवं वनों पर आश्रित जनसं या को लाभ दिलाने के विषय पर भी अपनी अनुशंसाए प्रस्तुत करने के लिये आहवान किया गया। कार्यक्रम को प्रधान मु य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख, मध्यप्रदेश श्री रमेश कुमार गुप्ता एवं मु य वन्यप्राणी अभिरक्षक, मध्यप्रदेश श्री जसबीर सिंह चौहान द्वारा भी स बोधित किया गया। कार्यक्रम के अंत में संचालक, राज्य वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर श्री अमिताभ अग्निहोत्री द्वारा सभी उपस्थित अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया। ज्ञातव्य है कि इस स्तर की संगोष्ठी मध्यप्रदेश में वर्ष 1983 के बाद प्रथम बार आयोजित की गयी है। इस संगोष्ठी के परिणामों से प्रदेश में वन्यप्राणी संरक्षण व संवर्धन एवं इससे जुड़े हुये नागरिकों के विकास हेतु नयी दिशा तैयार होगी।

# आम आदमी पार्टी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का किया स्वागत

### जिला कार्यालय का हुआ शुभारंभ



मण्डला यशोः- शनिवार को आम आदमी पार्टी ने जिला कार्यालय का शुभारंभ किया। आम आदमी पार्टी के समस्त कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों की उपस्थिति में बिंझिया स्थित डाग्रोस्टिक के सामने ऐं सस बैंक के आगे जबलपुर रोड़ में जिला कार्यालय का शुभारंभ हुआ। यहां सर्वप्रथम कार्यालय का शुभारंभ फीता काट कर किया गया साथ ही सुभाष चन्द्र बोस एवं भगत सिंह के तैल्यचित्र पर माल्र्यापण करते हुए दीप प्रज्वालित किया गया। जिसके पश्चात् नवनियुक्त पदाधिकारियों का माल्र्यापण कर तिलक बंदन करके हुए स्वागत किया गया। जिसमें जिला उपाध्यक्ष मुकेश कछ्वाहा, महेन्द्र भांडे, राम गोपाल यादव, संजय रजक, लोकसभा उपाध्यक्ष पद पर डीडी कुमरे, नेमसिंह परते, जिला सोशल मीडिया प्रभारी महेश भलावी, जिला संयुक्त सचिव चंद्र सिंह, दुर्गेश उईके, जिला यूथ अध्यक्ष आदित्य पटैल, ब्लॉक अध्यक्ष के पद में मण्डला विधानसभा से हितेन्द्र सिंह पटैल, सीएल सरोते, प्रभात झारिया, अजय कुमार उईके, बिछिया विधानसभा से यशवंत जायसवाल, सोमनाथ पंद्रे, गनपत दास बघेल, कमलेश कुमार बट्टी, निवास विधानसभा से नरेन्द्र कुमार परस्ते, अरविंद कुमार परते, सुकल सिंह भवेदी, शेव कुमार भवेदी को नियुक्त किया गया है। उपस्थिति पदाधिकारियों के समक्ष जिला अध्यक्ष पंकज सोनी ने कहा कि जिले में आम आदमी पार्टी की सरकार बनती है तो बिजली, पानी, शिक्षा सब फ्री दिया जाएगा। साथ ही बेरोजगारी, स्वास्थ्य सेवाएं को बेहतर किया जाएगा। इस दौरान आम आदमी पार्टी के अनेक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

## उपार्जन की अंतिम तिथि 15 मई

### एफएे. यू. क्वालिटी की उपज लेकर आने की अपील

मण्डला यशोः- रबी विपणन वर्ष 2023-24 अन्तर्गत समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी 1 अप्रैल 2023 से 15 मई 2023 तक नियत की गई है। शासन द्वारा समर्थन मूल्य 2125/- प्रति क्विंटल नियत किया गया है। स्लॉट बुक करने की सुविधा 15 मई 2023 के 10 दिन पूर्व तक शासन द्वारा नियत है। जिले में 53 उपार्जन केन्द्रों में से 9463 किसानों ने ही स्लॉट बुक कराया गया है, जिसके विरूद्ध 3879 किसानों ने 229703.66 क्विंटल गेहूं उपार्जन केन्द्र में विक्रय किया गया है। गेहूं विक्रय हेतु जिले की सहकारी संस्थाओं के उपार्जन केन्द्रों पर स्लॉट बुकिंग निःशुल्क किया जा रहा है, जो किसान अपनी उपज उपार्जन केन्द्रों पर विक्रय करना चाहते हैं, वे अपने नजदीकी उपार्जन केन्द्र का चयन कर सकते हैं। चयन की सुविधा उपार्जन पोर्टल के वेबसाईट êêê‡©¿×Ù¿´ÌÚU´Î‡ÎÂÕ‡ÂÎ पर या स्वयं के मोबाईल से भी स्लॉट बुक कर सकते हैं। किसानों से आग्रह है कि स्लॉट बुकिंग करते समय एक बार ही उपार्जन केन्द्रों का चयन करें ताकि बार-बार निरस्त कराने की आवश्यकता न हो अन्यथा बार-बार निरस्त करने पर पात्रता नहीं रहेगी। जिले में 28 गोदाम स्तरीय केन्द्र बनाये गए हैं ताकि केन्द्रों से कम से कम परिवहन करना पड़े। अतः जिले के किसान भाईयों से आग्रह है कि एफएे. यू. क्वालिटी की उपज लेकर ही उपार्जन केन्द्र पर आएं ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न रहे।

## जीवन में आशा की किरण बनकर आई मु यमंत्री उद्यमी योजना

### सीमेंट टाईल्स व्यवसाय के लिए मिला 18 लाख का

मण्डला यशोः- मु यमंत्री उद्यम क्रांति योजना लोगों को



रोजगार मुहैया कराने में सहायक सिद्ध हो रही है। जिले के राधाकृष्णन वार्ड मण्डला निवासी ज्योति मलिक कहती हैं कि पढाई के बाद स्वयं का व्यवसाय शुरू करना चाहता थी, परंतु आर्थिक कठिनाई इसमें आड़े आ रही थी। ऐसे में मु यमंत्री उद्यम क्रांति योजना मेरे जीवन में आशा की किरण बनकर आई।

ज्योति बताती है कि उद्यम क्रांति योजना की के बारे में इंटरनेट एवं अखबारों के माध्यम से जानकारी मिली और मैंने जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र मण्डला में जाकर स पर्क किया। विभाग से विस्तृत जानकारी लेकर मैंने योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन किया। यूनियन बैंक मण्डला द्वारा सीमेंट टाईल्स व्यवसाय के लिए 18 लाख रुपये का ऋण स्वीकृत किया गया। यह ऋण स्वीकृत होने से सीमेंट टाईल्स व्यवसाय शुरू किया। अब वर्तमान में अन्य को भी रोजगार दे रही हूं जिससे मैं अपने परिवार का पालन-पोषण बेहतर रूप से कर पा रही हूँ। ज्योति ने मु यमंत्री उद्यम क्रांति योजना की सराहना करते हुए मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का धन्यवाद दिया।

## प्रदेश में आज मनेगा लाड़ली लक्ष्मी उत्सव

भोपाल- मंगलवार 2 मई को प्रदेश में लाड़ली लक्ष्मी उत्सव मनाया जायेगा। राज्य स्तरीय कार्यक्रम मु यमंत्री निवास पर होगा। मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान राज्य स्तरीय कार्यक्रम से पूरे प्रदेश की लाड़ली लक्ष्मियों से संवाद करेंगे। लाड़ली लक्ष्मी उत्सव में सभी जिलों, नगरीय निकाय और ग्राम पंचायत स्तर तक विभिन्न गतिविधियाँ भी होंगी। उत्कृष्ट उपलब्धियाँ अर्जित करने वाली लाड़ली बेटियों और लाड़ली लक्ष्मी फ्रेंडली पंचायतों को स मानित भी किया जायेगा।

## *वैश्विक महामारी कोविड-19 से बचाव हेतु एडवायजरी*

मंडला यशोः- मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जनसमुदाय के लिए जारी एडवायजरी में कहा है कि वैश्विक महामारी कोविड-19 के खतरे से अभी जनसमुदाय मुक्त नहीं हुआ है। देश के अनेक राज्यों में कोरोना की पुष्टि हुई है जिसमें म.प्र. के कुछ जिले भी शामिल हैं। लोगों का इस जिले से उस जिले तक आना जाना होता है।

केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री के निर्देशानुसार कोविड महामारी के नियत्रंण के संबंध में पांच स्तरीय रणनीति यानी टेस्ट-ट्रेक-ट्रीट टीकाकरण एवं कोविड उपमुक्त व्यवहार पालन करें। राज्य के कोविड-19 प्रकरणों के बढ़ती ट्रेजे टरी को ध्यान में रखते हुए मौसमी बीमारियाँ श्वसन वायरस के साथ कोविड-19 के सह-संचार संबंधी भीड़भाड़ वाले क्षेत्र खराब वेंटिलेशन वाले स्थानों से दूरी रखते हुये श्वसन स्वच्छता का पालन करें। बार-बार साबुन से हाथों को धोयें। मॉस्क का प्रयोग करें, सामाजिक कार्यों में अधिक आवश्यकता हो तभी जायें। बच्चे, बुर्जुग एवं गर्भवती माताएँ इन सभी का विशेष ध्यान रखें। सर्दी, खांसी, बुखार, सांस लेने में तकलीफहै तो चिकित्सक के पास जायें।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बींझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी
ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297